पत्रांक–12/अ.6–39/2010.....1984/

**झारखंड–सरकार**
**मानव संसाधन विकास विभाग**
**(माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)**

प्रेषक,

निदेशक, (माध्यमिक शिक्षा)
झारखंड, रांची।

सेवा में,

सचिव,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,
शिक्षा केन्द्र–2, कम्यूनिटी सेन्टर,
प्रीत विहार, विकास मार्ग,
नई दिल्ली–110092

रांची, दिनांक..27/7/2011

विषयः– **ब्राईट लैण्ड स्कूल, बाईपास रोड, डाल्टेनगंज, पलामू को सी0बी0एस0ई0 बोर्ड से सम्बद्वता प्राप्त करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक, ब्राईट लैण्ड स्कूल, बाईपास रोड, डाल्टेनगंज, पलामू से प्राप्त आवेदन (छायाप्रति संलग्न) पर सम्यक् विचारोपरान्त राज्य सरकार ने इस विद्यालय को सी0बी0एस0ई0 बोर्ड से सम्बद्वता हेतु निम्नांकित शर्तो के साथ तीन वर्षो के लिए अस्थायी अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्णय लिया है:–

(i) यह अनापत्ति प्रमाण पत्र मात्र सैद्धान्तिक होगा तथा सी0बी0एस0ई0 बोर्ड अपने निर्धारित मानकों के आधार पर विद्यालय का निरीक्षण करेंगे एवं अपने निर्धारित शर्तो को पूरा करने के पश्चात् ही विद्यालय को अपनी सम्बद्धता प्रदान करेंगे।

(ii) विद्यालय प्रबंधन ने यह शपथ पत्र दिया है कि भविष्य में राज्य सरकार द्वारा जो भी नियमावली/निदेश निजी विद्यालय के लिए जारी किये जायेंगे, विद्यालय प्रबंधन उनका अक्षरशः पालन करेंगे।

(iii) विद्यालय प्रबंधन अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 एवं एतद् संबंधित राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित नियमावली के प्रावधानों का अक्षरशः पालन करेंगे।

(iv) विद्यालय में 25% नामांकन बी0पी0एल0 श्रेणी के छात्रों का किया जायेगा।

(v) विद्यालय प्रबंधन एन0सी0टी0ई0 के द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार शिक्षकों की नियुक्ति करेंगे तथा शिक्षकों को केन्द्र सरकार/राज्य सरकार के शिक्षकों को मिलने वाले वेतन भत्तों से कम वेतन भुगतान नही करेंगे।

(vi) राज्य सरकार द्वारा नामित कोई भी पदाधिकारी राज्य सरकार के निदेश पर विद्यालय का निरीक्षण कर सकतें है।

(vii) यदि विद्यालय इन शर्तो का विचलन करता है तो राज्य सरकार निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार विद्यालय को दिये गये अनापत्ति प्रमाण पत्र रदद करते हुए सी0बी0एस0ई0 को अपनी मान्यता समाप्त करने हेतु संसूचित कर दिया जायेगा।

विश्वासभाजन,

अनुलग्नक–यथोक्त।

निदेशक, (माध्यमिक शिक्षा)
झारखंड, रांची।

ज्ञापांक–12/अ.6–39/2010.....1984...../ रांची, दिनांक..27/7/2011

प्रतिलिपिः– माननीय विभागीय मंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी/प्रधान सचिव के सचिव, मानव संसाधन विकास विभाग, झारखंड, रांची/क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, पलामू प्रमंडल, मेदिनीनगर/जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू/सचिव, ब्राईट लैण्ड स्कूल, बाईपास रोड, डाल्टेनगंज, पलामू /निदेशक, माध्यमिक शिक्षा कोषांग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक, (माध्यमिक शिक्षा)
झारखंड, रांची।

Scanned by CamScanner